# कार्यालय वन वृत्त, बैतूल(म.प्र)

कार्यालय: टेलीफोन/फैक्स(07141) 23496 ccf.btl@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2025/ 495 बैतूल दिनांक- 3/2/2025

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
दक्षिण बैतूल सा0 वनमंडल
बैतूल

विषय:- जिला बैतूल के अंतर्गत प्रभुढाना जलाशय परियोजना के निर्माण हेतु 7.002 हैक्टेयर वनभूमि जलसंसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।

संदर्भ :- अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष-भू प्रबंध) वन भवन भोपाल का पत्र क्रमांक/एफ-3/16/2018/10-11/2/340 दिनांक 28-.01.2025।

==000==

उपरोक्त विषयांतर्गत् संदर्भित पत्र के तारतम्य में निवेदन है जिला बैतूल के अंतर्गत प्रभुढाना जलाशय परियोजना के निर्माण हेतु 7.002 हैक्टेयर वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत प्रेषित प्रस्ताव में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष-भू प्रबंध) वन भवन भोपाल द्वारा 02 बिंदुओ पर कमियॉं पाई गई है जो निम्नानुसार है:-

1. प्रकरण में जिला कलेक्टर बैतूल के आदेश दिनांक 08.10.2024 से प्राप्त नवीन गैर वनभूमि की वनीकरण योजना मय तकनीकी स्वीकृति सहित पोर्टल पर अपलोड नही की गयी है। प्रकरण मे राज्य शासन वन विभाग के पत्र दिनांक 14.05.2019 में निहित प्रावधान अनुसार संशोधित क्षतिपूर्ति वनीकरण योजना तैयार की जाकर तकनीकी स्वीकृति पोर्टल पर अपलोड की जावे।

2. आनलाईन भाग-2 में आपके द्वारा स्पष्ट/निर्धारित प्रारूप (भाग-2) में अनुशंसा नही की गयी है। प्रकरण में निर्धारित प्रारूप में अनुशंसा पोर्टल पर अपलोड की जावें।

उक्त कमियों की तत्काल आनलाईन पूर्ति की जाकर प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करे।

Basu

(बासु कनौजिया)
वनसंरक्षक
वन वृत्त बैतूल

Scanned by CamScanner